(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) गुजरात में राजकोट, अहमदाबाद, सूरत और बड़ोदरा जिले में प्रचालित की जाने वाली समेकित बाल सिकास सेवा परियोजनाओं की संख्या के संदर्भ में लक्ष्य और उपलब्धियों का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :

राज्य/जिले का नाम		1988-89	1989-90	1990-91
राज्य : गुजरात				
राजकोट				
	लक्ष्य	1	0	0
	उपलब्धियां	1	0	0
अहमदाबाद				
	लक्ष्य	1	0	0
	उपलब्धियां	1	0	0
सूरत				
	लक्ष्य	1	0	0
	उपलब्धियां	1	0	0
बड़ोदरा			0	
	लक्ष्य	1	0	0
	उपलब्धियां	1	0	0

मध्य प्रदेश की ओंकारेश्वर परियोजना

1546. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश की ओंकारेश्वर सिंचाई परियोजना की जांच की है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार को मध्य प्रदेश सरकार से आवश्यक सूचना प्राप्त हो गई ; और

(ग) यदि हां, तो इस परियोजना को कब तक स्वीकृति दे दिए जाने की संभावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) जी, हां। नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर परियोजना एक बहु-प्रयोजनी परियोजना है, जिसमें लगभग 2.83 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को वार्षिक सिंचाई किए जाने और 520 मेगावाट की संस्थापित क्षमता की जल विद्युत उत्पादित किए जाने की परिकल्पना की गयी है । केन्द्रीय जल आयोग में जांच किए जाने के बाद, 788.03 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की यह परियोजना परामर्शदात्री समिति की अक्तूबर, 1988 में हुई बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत की गयी। परामर्शदात्री समिति ने इस परियोजना पर विचार-विमर्श आस्थगित कर दिया क्योंकि राज्य सरकार द्वारा वन और पर्यावरण संबंधी स्वीकृति का मामला वन और पर्यावरण मंत्रालय को नहीं भेजा गया था ।

(ग) राज्य सरकार को पर्यावरण और वन मंत्रालय से वन और पर्यावरण संबंधी स्वीकृति प्राप्त करनी है ।